(CR-11)-1

313

**पत्रांक-बि०प्र०सु०मि०सो०/लेखा-07/2024, सो०-**2031

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी

(सामान्य प्रशासन विभाग)

प्रेषक,

**डॉ० प्रतिमा,**
अपर मिशन निदेशक,
बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी।

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव,**
**सभी विभागाध्यक्ष/ सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,**
**सभी जिला पदाधिकारी।**

पटना, दिनांक 18/11/2024

विषयः **भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग के बिहार में पदस्थापित) एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को नयी व्यवस्था के तहत 4G/5G Support हाई स्पीड इंटरनेट सुविधायुक्त मोबाईल सेट हेतु अधिकतम प्रतिपूरणीय राशि की अधिसीमा में वृद्धि के संबंध में।**

प्रसंगः बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी का पत्रांक-2585, दिनांक-28.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग के बिहार में पदस्थापित पदाधिकारी) एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को सरकारी कार्यों के निष्पादन के क्रम में मोबाईल सेट के क्रय पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को ₹50000.00 (पचास हजार) एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को ₹25000.00 (पचीस हजार) की अधिकतम राशि की प्रतिपूर्ति की जाती है।

इन पदाधिकारियों को सरकारी कार्यों के निष्पादन के क्रम में सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा मोबाईल ऐप के माध्यम से योजनाओं के अनुश्रवण का कार्य करने हेतु High Speed इंटरनेट सेवा की उच्च गुणवत्ता के Storage सुविधायुक्त 4G/5G Support वाले मोबाईल सेट की आवश्यकता एवं उसके बाजार मूल्य के दृष्टिगत शासी परिषद की 35वीं बैठक की कार्यावली बिंदु 05 पर प्राप्त अनुमोदन के आलोक में भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग के बिहार में पदस्थापित) एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को नए मोबाईल सेट के क्रय पर पूर्व की निर्धारित अधिकतम प्रतिपूरणीय राशि ₹50000.00 एवं ₹25000.00 को बढ़ाकर क्रमशः **₹75000.00 (पचहत्तर हजार) एवं ₹40000.00 (चालीस हजार)** प्रतिपूर्ति करने का निर्णय संसूचित किया जाता है। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

अनुरोध है कि उपरोक्त निर्णय एवं संशोधित स्व-घोषणा पत्र की जानकारी सभी संबंधित पदाधिकारियों को देने की कृपा की जाय।

**अनु0-स्व-घोषणा प्रपत्र।**

विश्वासभाजन
18/11/24
**(डॉ० प्रतिमा)**
अपर मिशन निदेशक

D:\Vijay Datalogy\Vijay EXE\AMD Letter - Copy.docx

312

# मोबाईल सेट क्रय की राशि की प्रतिपूर्ति से संबंधित स्व–घोषणा पत्र

1. मैं ........................................ (नाम), भा०प्र०से० (नियोजन का वर्ष.............. बैंच.....................)........................................(वर्तमान पदस्थापन ) /बि०प्र०से० (नियोजन का वर्ष.................. बैंच.................., कोटि क्रमांक–....................) ........................................(वर्तमान पदस्थापन ) यह घोषणा करती/करता हूँ कि मैंने बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के पत्रांक–.................. दिनांक–........................ के आलोक में ........................ (मॉडल) का मोबाईल सेट का क्रय किया है, जिसका मूल्य ₹ ............. /– (........................................ रूपये) है।
2. क्रय किए गये मोबाईल का विपत्र मेरे नाम से है। (मूल विपत्र की स्व अभिप्रमाणित छाया–प्रति सलग्न है)
3. मोबाईल क्रय की तिथि को मेरी आयु– ............ वर्ष .............. माह है।
4. मेरे द्वारा पूर्व में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी से मोबाईल सेट क्रय हेतु कोई राशि प्राप्त नहीं की गई है।

**अथवा**

मेरे द्वारा पूर्व में क्रय किये गये मोबाईल सेट के क्रय मूल्य के विरूद्ध बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी से प्रतिपूरित राशि का 10 प्रतिशत राशि कोषागार चालान द्वारा जमा कर दिया गया है। (मूल चालान की प्रति सलग्न है)

5 मेरे द्वारा क्रय किए गए मोबाईल सेट को सेवानिवृति के समय अनिवार्य रूप से Retain किया जायेगा एवं सेवानिवृति की तिथि को इलक्ट्रॉनिक उपकरणों के ह्रास दर के आधार पर मोबाईल सेट की प्रतिपूरित राशि का अनुमान्य Depreciation Cost की राशि कोषागार चालान द्वारा राजकोष में जमा कर इसकी सूचना अपने सेवानिवृति के कार्यालय एवं स्वयं अथवा विभाग/जिला के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग को अनिवार्य रूप से दिया जायेगा।

6. बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के पत्रांक–.................. दिनांक–........................ के आलोक में कुल ₹............/– (........................................ रूपये) मेरे निम्न वर्णित बैंक खाते में हस्तांतरित की जाए।

| | |
|---|---|
| खाताधारक का नाम | |
| खाता संख्या | |
| बैंक का नाम | |
| शाखा | |
| IFSC Code | |

स्थान–..............................

तिथि–..............................

हस्ताक्षर

नाम ........................................

पदनाम ........................................

नोटः– सभी कंडिकाओं में अनिवार्य रूप से सूचना अंकित की जाए एवं जो लागू नहीं हो उसे काट दें।